तू भीख ना देगी तो मैं शोर मचा दूंगा भजन लिरिक्स

तू भीख ना देगी तो,
मैं शोर मचा दूंगा,
हर मांगने वाले को,
तेरा पता बता दूंगा,
तू भिख ना देगी तो,
मैं शोर मचा दूंगा।bd।

तेरे दर पे जिसने भी,
झोली फैलायी है,
तुमने मैया उसकी,
तकदीर बनायी है,
तेरे नाम की जिसने भी,
माँ ज्योत जगायी है,
हर विपदा में उसकी,
तू बनी सहाई है,
तेरी रहमत के किस्से,
सारे जग को सुना दूंगा,
तू भिख ना देगी तो,
मैं शोर मचा दूंगा।bd।

तेर द्वार पे अब तक माँ,
ना हुई सुनवाई है,
तेरे कानों तक अम्बे,
पहुचीं ना दुहाई है,
अब तेरे बच्चों ने,
तेरी आस लगाईं है,
मैं कैसे कहूं सबको,
पत्थर की माई है,
मै अपनी भक्ति से,
पत्थर पिघला दूंगा,
तू भिख ना देगी तो,
मैं शोर मचा दूंगा।bd।

तू अपरम्पार है माँ,
तेरा पार ना पाया है,
कण कण में हे दाती,
तेरा नूर समाया है,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

‘चंचल’ की समझ में माँ,
बस अब ये आया है,
ये दुख सुख मैया जी,
सब तेरी माया है,
तुम सबकी सुनती हो,
सबको समझा दूंगा,
तू भिख ना देगी तो,
मैं शोर मचा दूंगा।bd।

तू भीख ना देगी तो,
मैं शोर मचा दूंगा,
हर मांगने वाले को,
तेरा पता बता दूंगा,
तू भिख ना देगी तो,
मैं शोर मचा दूंगा।bd।

Singer – Narendra Chanchal Ji

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com